रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 2177] नई दिल्ली, मंगलवार, सितम्बर 6, 2016/भाद्र 15, 1938
No. 2177] NEW DELHI, TUESDAY, SEPTEMBER 6, 2016/BHADRA 15, 1938

विदेश मंत्रालय

आदेश

नई दिल्ली, 5 सितंबर, 2016

का.आ. 2875(अ).—संयुक्त राष्ट्र की सुरक्षा परिषद ने अपनी 5015वीं बैठक में अपनाए गए संकल्प 1556 (2004) [उपाबंध 1 के रूप में इस आदेश से संलग्न] को संयुक्त राष्ट्र के चार्टर के अध्याय 7 के अंतर्गत अपनाया गया था जिसमें सभी राष्ट्रों से यह अपेक्षा की गई थी कि, उत्तरी दारफुर, दक्षिणी दारफुर और पश्चिमी दारफुर के राज्यों जिसके अंतर्गत जंजावीद है के क्षेत्र में क्रियाशील सभी गैर-सरकारी निकायों और व्यष्टियों को या उनके नागरिकों द्वारा या उनके क्षेत्रों से या उनके झंडे वाले जलयानों या वायुयानों का प्रयोग करते हुए सभी प्रकार के हथियार और संबंधित सामग्री, जिसके अंतर्गत हथियार और गोला-बारूद और सैन्य वाहन और उपस्कर, अर्द्धसैन्य उपस्कर और पूर्वोक्त के लिए अतिरिक्त पुर्जे, चाहे उनके राज्यक्षेत्रों से उत्पादित हों या नहीं और इस संकल्प के पैरा 8 जिसके द्वारा उपरोक्त पैरा में पहचाने गए गैर-सरकारी निकायों और व्यष्टियों के लिए किसी उपबंध के लिए आवश्यक उपायों को करने के लिए अपेक्षित है, जोकि उत्तरी दारफुर, दक्षिणी दारफुर और पश्चिमी दारफुर के राज्यों में क्रियाशील उनके नागरिकों द्वारा या उनके राज्यक्षेत्रों से पूर्वोक्त पैरा में सूचीबद्ध तकनीकी प्रशिक्षण या उपबंध, उत्पादन, रख-रखाव या पूर्वोक्त पैरा में सूचीबद्ध मदों के प्रयोग से संबंधित सहायता, विक्री या स्थानांतरण की रोकथाम के लिए आवश्यक कदम उठाने अपेक्षित है;

और, संयुक्त राष्ट्र की सुरक्षा परिषद ने अपनी 5153वीं बैठक में अपनाए गए संकल्प 1591 (2005) जिसमें सभी राष्ट्रों से यह अपेक्षा की गई थी कि वे संकल्प द्वारा स्थापित समिति द्वारा नामोदिष्ट व्यष्टियों के उनके क्षेत्र द्वारा प्रवेश करने या पारगमन करने की रोकथाम करने के आवश्यक उपाय करें और संकल्प के पैराग्राफ 3 (ङ) जिसके द्वारा सभी राष्ट्रों से अपेक्षा की गई है कि सभी निधियों, वित्तीय आस्तियों और आर्थिक संसाधनों को फ्रीज करने उनके राज्यक्षेत्र में इस संकल्प को अंगीकार करने की तारीख पर या इसके पश्चात किसी भी समय, जिनको अधिगृहीत किया गया है या नियंत्रित हैं प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से, समिति द्वारा नामोदिष्ट व्यष्टियों द्वारा, या जो निकायों द्वारा अधिगृहीत या नियंत्रित हैं, प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से, ऐसे व्यष्टियों द्वारा या उनकी ओर से कार्य करने वाले व्यष्टियों द्वारा या उनके निदेश पर और यह सुनिश्चित करने हेतु कि ऐसे व्यष्टियों या निकायों के लाभ के लिए या उनके राज्यक्षेत्र के भीतर किन्हीं व्यष्टियों द्वारा या उनके नागरिकों द्वारा कोई निधियां, वित्तीय आस्तियों या आर्थिक संसाधन उपलब्ध नहीं कराएंगे;

और, संयुक्त राष्ट्र की सुरक्षा परिषद के संकल्प 2265 (2016) में सभी राष्ट्रों से संकल्प 1556 (2004), 1591 (2005), 1651 (2005), 1665 (2006), 1672 (2006), 1679 (2006), 1713 (2006), 1779 (2007), 1841 (2008), 1891 (2009), 1945 (2010), 1982 (2011), 2035 (2012), 2091 (2013), 2138 (2014), और 2200 (2015); में दिए गए उपबंधों का पूर्ण कार्यान्वयन करने की अपेक्षा की गई है;

और, केन्द्रीय सरकार सूडान की एकता, संप्रभुता, स्वतंत्रता और क्षेत्रीय अखंडता की सुरक्षा के लिए संयुक्त राष्ट्र के चार्टर के अध्याय 7 के अंतर्गत अपनाए गए सुरक्षा परिषद के उक्त संकल्पों के कार्यान्वयन हेतु संयुक्त राष्ट्र (सुरक्षा परिषद) अधिनियम, 1947 (1947 का 43वां) के अंतर्गत एक आदेश जारी करना आवश्यक और समीचीन समझती है;

अतः अब, संयुक्त राष्ट्र (सुरक्षा परिषद) अधिनियम, 1947 (1947 का 43वां) की धारा 2 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय सरकार उक्त संकल्पों को प्रभावी बनाने हेतु निम्नलिखित आदेश बनाती है, अर्थात:

1. संक्षिप्त शीर्षक और प्रारंभ :- (।) इस आदेश को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद संकल्पों का सूडान पर आदेश-2016 कार्यान्वयन कहा जाएगा।

(2) ये राजपत्र में इसके प्रकाशन की तारीख को प्रभावी होगा।

2. परिभाषाएं :- (1) इस आदेश में, जब तक संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो,-

(क) "संकल्प" से सुरक्षा परिषद द्वारा 30 जुलाई 2004 को स्वीकार किया गया 2004 का 1556वां संकल्प और 1591 (2005), 1651 (2005), 1665 (2006), 1672 (2006), 1679 (2006), 1713 (2006), 1779 (2007), 1841 (2008), 1891 (2009), 1945 (2010), 1982 (2011), 2035 (2012), 2091 (2013), 2138 (2014), और 2200 (2015) सुरक्षा परिषद द्वारा अंगीकृत किए गए संकल्प अभिप्रेत है;

(ख) "अनुसूची" से सुरक्षा परिषद द्वारा तैयार अवधारणा के आधार पर उनके उक्त संकल्प में बनाए गए इस आदेश से उपाबद्ध अनुसूची अभिप्रेत है;

(ग) "समिति" से संकल्प 1591 (2005) के पैरा 3 (क) के अनुसार संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद द्वारा स्थापित समिति है।

(2) उन शब्दों और पदों के, जो इस आदेश में प्रयुक्त हैं, किंतु परिभाषित नहीं हैं और तत्समय प्रवृत्त अन्य विधि में परिभाषित हैं, वही अर्थ होंगे, जो अन्य विधियों में क्रमशः उनके हैं।

3. व्यष्टियों और अस्तित्वों पर आदेश का लागू होना:- इस आदेश के उपाबंध, जिन्हें कि समय-समय पर संशोधित किया गया है, उक्त संकल्प के परिप्रेक्ष्य में और इस आदेश से उपाबद्ध अनुसूची के उपाबंध 3 में आने वाले व्यष्टियों और अस्तित्वों पर

लागू होंगे और समय-समय पर ऐसी समिति द्वारा नामोदिष्ट और इनकी वेबसाइट: http://www.un.org/sc/committees/1591/1591.htm पर अद्यतन और विनिर्दिष्ट व्यष्टियों और अस्तित्वों शामिल हैं;

4. केंद्रीय सरकार की संकल्प को प्रभावी करने की शक्तियां:- केन्द्रीय सरकार के पास आवश्यक उपाय करने के लिए सभी शक्तियां होंगी:-

(1) उत्तरी दारफुर, दक्षिणी दारफुर और पश्चिमी दारफुर के राज्यक्षेत्रों जिसके अंतर्गत जंजावीद राज्यक्षेत्रों में परिचालित सभी गैर-सरकारी निकायों और व्यष्टियों को या भारतीय राष्ट्रिकों द्वारा या भारतीय राज्यक्षेत्र से या भारतीय झंडे वाले जलयानों या वायुयानों का प्रयोग करते हुए सभी प्रकार के आयुद्ध और संबंधित सामग्री, जिसके अंतर्गत हथियार और गोला-बारूद, सैन्य वाहन और उपस्कर, अर्द्धसैन्य उपस्कर और पूर्वोक्त के लिए अतिरिक्त पुर्जे, चाहे भारतीय राज्यक्षेत्र में उत्पादित हों या नहीं या तकनीकी प्रशिक्षण या सहायता संबंधी उपबंध, उत्पादन, रख-रखाव या ऐसी मदों के प्रयोग हेतु उपबंध या बिक्री या आपूर्ति की रोकथाम:

परंतु पूर्वोक्त आयुद्ध निषेध निम्नलिखित पर लागू नहीं होगा:-

(i) आपूर्ति और संबंधित तकनीकी प्रशिक्षण और देखरेख, सत्यापन या शांति समर्थित परिचालनों को सहायता, जिसके अंतर्गत संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्राधिकृत किए गए क्षेत्रीय संगठनों द्वारा किए जा रहे ऐसे परिचालन या सुसंगत पक्षकारों की सहमति से परिचालित किए जा रहे [संकल्प 1556 (2004) के पैरा 9 के संदर्भानुसार] भी हैं;

(ii) केवल मानववादी, मानवाधिकार अनुवीक्षण या संरक्षात्मक उपयोग के लिए और संबंधित तकनीकी प्रशिक्षण और सहायता [संकल्प 1556 (2004) के पैरा 9 के संदर्भ] के लिए अभिप्रेत गैर-घातक सैन्य उपस्करों की आपूर्ति;

(iii) संयुक्त राष्ट्र कार्मिकों, मानवाधिकार पर्यवेक्षकों, मीडिया के प्रतिनिधियों और मानवतावादी और विकास कार्यकर्ताओं और संबद्ध कार्मिकों के व्यक्तिगत उपयोग के लिए संरक्षात्मक संबंधी वस्त्रों पर, जिसके अंतर्गत फ्लैक जैकेट और सैन्य हेलमेट भी हैं, की आपूर्ति [संकल्प 1556 (2004) के पैरा 9 के संदर्भ]।

(2) समिति द्वारा अभिहित सभी व्यष्टियों को भारत के राज्यक्षेत्र के माध्यम से प्रवेश या अभिवहन रोकना परंतु इस पैरा में कही गई कोई भी बात भारत सरकार को अपने राष्ट्रिकों को अपने राज्यक्षेत्र में प्रवेश करने से निवारित नहीं करेगी:

परंतु यह कि यात्रा पाबंदी से संबंधित पूर्वोक्त उपाबंध निम्नलिखित मामलों में लागू नहीं होंगे अर्थात:-

(i) जहां समिति मामला दर मामला आधार पर अभिनिर्णित करती है कि ऐसी यात्रा मानवीय आवश्यकता, जिसके अंतर्गत धार्मिक बाध्यता भी है [संदर्भ संकल्प 1591 (2005) के पैरा 3 (च)] न्यायसंगत है;

(ii) जहां समिति यह निष्कर्ष निकालती है कि यह छूट सूडान और क्षेत्र में शांति और स्थिरता के सृजन के लिए परिषद के उद्देश्य के संकल्पों को अन्यथा आगे बढ़ाएगी; [संदर्भ संकल्प 1591 (2005 के पैरा 3(च)]

(3) (क) ऐसी निधियों, वित्तीय आस्तियों और आर्थिक संसाधनों, जो भारत में स्थित हैं, को अविलंब स्थिर करता है और जो समिति द्वारा पदाभिहित व्यष्टियों के स्वामित्वाधीन हैं या उनके प्रत्यक्षतः या अप्रत्यक्षतः नियंत्रणाधीन हैं या उनकी ओर से या उनके निदेश पर कार्य करने वाली समिति द्वारा या व्यष्टियों या अस्तित्वों द्वारा या उनके स्वामित्वाधीन या नियंत्रणाधीन अस्तित्वों द्वारा पदाभिहित है;

(ख) यह सुनिश्चित करना कि किसी निधि, वित्तीय आस्ति या आर्थिक संसाधन भारतीय राष्ट्रिकों द्वारा या भारत के राज्यक्षेत्र के भीतर किन्हीं व्यष्टियों या अस्तित्वों द्वारा समिति द्वारा पदाभिहित व्यष्टियों या अस्तित्वों को या उनके फायदे के लिए उपलब्ध किए जाने से रोका जा रहा है।

परंतु यह उन निधियों और अन्य आर्थिक उपायों को लागू नहीं होगा, जिन्हें भारत सरकार द्वारा अवधारित किया गया है:-

(i) मूलभूत व्ययों के लिए, जिनके अंतर्गत खाद्य पदार्थ, किराया या बंधक, औषधि और चिकित्सीय उपचार, करों, बीमा प्रीमियम और लोक उपयोक्ता प्रभार या अनन्य रूप से युक्तियुक्त वृत्तिक फीसों के संदाय और ऐसी निधियों, अन्य वित्तीय आस्तियों या आर्थिक संसाधनों तक पहुंच, जहां समुचित हो, को प्राधिकृत करने के अपने आशय की भारत सरकार द्वारा समिति को अधिसूचना के पश्चात स्थिर निधियों, अन्य वित्तीय आस्तियों या आर्थिक संसाधनों की नैत्यिक पुरोधरण या रखरखाव के लिए राष्ट्रीय विधियों के अनुसार विधिक सेवा या फीस या सेवा प्रभारों के उपबंध से सहयुक्त उपगत व्ययों की प्रतिपूर्ति के लिए और, ऐसी अधिसूचना के दो कार्यदिवसों के भीतर समिति के नकारात्मक विनिश्चयों के अभाव में, आवश्यक हो [संदर्भ संकल्प 1591 (2005) का पैरा 3(छ)(i)];

(ii) अधिसूचित तथा समिति द्वारा अनुमोदित असाधारण व्ययों के लिए आवश्यक हो।[संदर्भ संकल्प 1591 (2005) का पैरा 3(छ)(ii)];

(iii) किसी न्यायिक, प्रशासनिक या माध्यस्थम धारणाधिकार या निर्णय का विषय होना, जिस मामले में निधियां, अन्य वित्तीय आस्तियों और आर्थिक संसाधनों का उस धारणाधिकार या निर्णय को पूरा करने के लिए उपयोग किया जा सके। परंतु धारणाधिकार या निर्णय, जो संकल्प 1591(2005) (29 मार्च, 2005) के अंगीकरण की तारीख से पहले किया गया था, पदाभिहित व्यक्ति या अस्तित्व के फायदे के लिए नहीं है और भारत सरकार द्वारा समिति को अधिसूचित कर दिया गया है [संदर्भ संकल्प 1591(2005) का पैरा 3(छ)(iii)];

अनुसूची

[अनुच्छेद 2 (ख) देखें]

संलग्नक 1

प्रस्ताव 1556 (2004)

सुरक्षा परिषद् द्वारा उसकी 5015वीं बैठक में पारित

30 जुलाई 2004

सुरक्षा परिषद्,

इसके अध्यक्ष द्वारा 25 मई 2004 (एस/पीआरएसटी/2004/16) के इसके वक्तव्य, 11 जून 2004 के इसके प्रस्ताव 1547 (2004) और 26 अगस्त 2003 के इसके ज़रूरतमंद आबादी के लिए मानवीय कार्यकर्ताओं की की पहुँच पर प्रस्ताव 1502 (2003) को याद करते हुए

दारफुर में स्थिति का सामना करने और इन प्रयासों का पूर्ण समर्थन करने में अपनी तत्परता को अभिव्यक्त करने में अफ़्रीकी संघ के नेतृत्व की भूमिका और वचनबद्धता का स्वागत करते हुए

27 जुलाई 2004 को जारी अफ़्रीकी संघ शांति एवं सुरक्षा परिषद् की शासकीय सूचना (एस/2004/603) का आगे स्वागत करते हुए

20 जुलाई 2002 की मचाकोस संलेख और इस संलेख पर सूडान सरकार द्वारा सहमति प्राप्त उत्तरवर्ती समझौतों के साथ सुसंगत सूडान की संप्रभुता, एकता, क्षेत्रीय अखंडता और स्वतंत्रता के प्रति इसकी प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हुए

3 जुलाई 2004 को सूडान सरकार तथा संयुक्त राष्ट्र महा सचिव द्वारा जारी शासकीय सूचना, जिसमें संयुक्त कार्यान्वयन तंत्र का गठन और बेहतर मानवीय पहुँच की दिशा में लिए गए क़दमों को स्वीकार करना शामिल है, का स्वागत करते हुए

3 जून 2004 को जारी सूडान पर महा सचिव की रिपोर्ट का संज्ञान लेते हुए और महा सचिव द्वारा सूडान के लिए विशेष प्रतिनिधि की नियुक्ति एवं आज तक के उनके प्रयासों का स्वागत करते हुए

जारी मानवीय संकट और बड़े पैमाने पर मानवाधिकार उल्लंघन, जिनमें कई सौ हज़ारों के जीवन को ख़तरे में डालते असैनिक नागरिकों पर लगातार हमले शामिल हैं, पर अपनी गंभीर चिंता जताते हुए

इस संकट में शामिल सभी पक्ष, विशेषकर जंजावीद, द्वारा हिंसा और मानवाधिकार और अंतर्राष्ट्रीय मानवीय क़ानून के उल्लंघन, जिनमें असैनिक नागरिकों पर अंधाधुंध हमले, बलात्कार, जबरन विस्थापन, और हिंसा के कृत्य विशेषकर संजातीय आयामों से संबंधित कृत्य शामिल हैं, के सभी कृत्यों की निंदा करते हुए और असैनिक आबादी, जिनमें महिलाएं, बच्चे, आंतरिक विस्थापित लोग, और रिफ्यूजी शामिल हैं, पर पड़ने वाले दारफुर के संघर्ष के दुष्परिणामों पर अत्यंत चिंता दर्शाते हुए

सूडान सरकार पर क़ानून और व्यवस्था कायम रखते हुए और अपने क्षेत्रों में आबादी की सुरक्षा करते हुए साथ ही मानवाधिकारों के सम्मान की भी प्राथमिक ज़िम्मेदारी है और सभी पक्ष अंतर्राष्ट्रीय मानवीय कानून का आदर करने के लिए बाध्य हैं, इस बात को याद रखते हुए

सभी पक्षों से मानवाधिकारों और अंतर्राष्ट्रीय मानवीय कानूनों के उल्लंघन से बचने और उनको समाप्त करने के लिए सभी क़दम उठाने के लिए आग्रह करते हुए और उल्लंघनकर्ताओं के लिए दंड-मुक्ति से इंकार को रेखांकित करते हुए

सूडान सरकार की अत्याचार की जांच करने और दोषियों पर मुकदमा चलाने की प्रतिबद्धता का स्वागत करते हुए

जंजावीद मिलिशिया को तत्काल निरस्त्र करने हेतु सूडान के सैन्य बलों को लामबंद करने की सूडान सरकार की प्रतिबद्धता पर बल देते हुए

इस संबंध में अपने 31 अक्टूबर 2000 के महिला, शांति और सुरक्षा के प्रस्ताव 1325 (2000), 20 नवम्बर 2001 के प्रस्ताव 1379 (2001), 30 जनवरी 2003 के प्रस्ताव 1460 (2003), और 22 अप्रैल 2004 के सशस्त्र संघर्ष में बच्चे पर प्रस्ताव 1539 (2004), और 17 सितम्बर 1999 के 1265 (1999) और 19 अप्रैल 2000 के सशस्त्र संघर्ष में असैनिक नागरिकों की सुरक्षा पर प्रस्ताव 1296 (2000) प्रस्तावों को याद करते हुए

8 अप्रैल 2004 को न'जमिना में हस्ताक्षरित संघर्ष विराम समझौते के उल्लंघन की खबरों पर चिंता व्यक्त करते हुए, और संघर्ष विराम के सभी पक्षों को उसमें निहित सभी शर्तों का अनिवार्य पालन करना चाहिए, इस बात को दोहराते हुए

जून 2004 में जिनेवा में आयोजित दाता परामर्श और साथ ही सूडान और चाड में अति आवश्यक मानवीय ज़रूरतों को उभारते हुए और दाताओं को उनके द्वारा की गयी प्रतिबद्धताओं को पूरा करने की याद दिलाते उत्तरवर्ती पत्रसार का स्वागत करते हुए

10 लाख से अधिक लोगों को अति आवश्यक मानवीय सहायता की ज़रुरत है, कि वर्षा ऋतू के आगमन के साथ सहायता के प्रावधानों में आने वाली बाधा बढ़ रही है, और यह कि सुरक्षा, पहुँच, रसद, क्षमता और वित्तीय ज़रूरतों को पूरा करने के लिए अति आवश्यक कार्यवाही के बिना कई सौ हज़ार लोगों का जीवन ख़तरे में होगा, इस बात को याद करते हुए

मानवीय त्रासदी को रोकने के लिए ज़रुरत अनुसार आगे क़दम उठाने के लिए कार्यवाही करने सहित, हरसंभव क़दम उठाने की इसकी दृढ़ता को अभिव्यक्त करते हुए

रिफ्यूजीयों और विस्थापित लोगों की अपने घर में वापसी स्वेच्छा से और पर्याप्त सहायता तथा प्रयाप्त सुरक्षा के साथ हो, इस पर बल देते हुए

200,000 रिफ्यूजी पड़ौस के राष्ट्र चाड में पलायन कर गए हैं, जोकि उस देश पर गंभीर भार बन गया है, इस बात को गंभीर चिंता से लेते हुए, और सूडान के दारफुर क्षेत्र के जंजावीद मिलिशिया द्वारा सीमा पार चाड में घुसपैठ पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए और सीमाओं को सुरक्षित करने के लिए सूडान और चाड सरकार के बीच संयुक्त तंत्र को स्थापित करने के समझौते को भी ध्यान में लेते हुए

सूडान की स्थिति अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा तथा क्षेत्र की स्थिरता के लिए ख़तरा है इस बात का निर्धारण करते हुए

संयुक्त राष्ट्र घोषणापत्र के अध्याय VII के अंतर्गत कार्यवाही करते हुए

1. सूडान सरकार 3 जुलाई 2004 के शासकीय पत्र में उसके द्वारा की गयी सभी प्रतिबद्धताओं को तत्काल रूप से पूरा करने के लिए कहती है, जिसमें विशेषतः प्रभावित आबादी को मानवीय सहायता और पहुँच के प्रावधान में बाधा उत्पन्न करने वाले सभी प्रतिबंधों पर रोक लगाने के माध्यम से मानवीय त्रासदी के लिए अंतर्राष्ट्रीय सहायता को सुकर बनाना, मानव अधिकारों और अंतर्राष्ट्रीय मानवीय कानूनों के उल्लंघन में संयुक्त राष्ट्र के सहयोग से स्वतंत्र जांच को बढ़ावा देना, असैनिक आबादी और मानवीय कार्यकर्ताओं की सुरक्षा के लिए विश्वसनीय सुरक्षा स्थितियों को स्थापित करना, दारफुर क्षेत्र से असंतुष्ट गुटों, विशेषतः न्याय एवं समानता आन्दोलन (जेईएम) और सूडान मुक्ति आन्दोलन और सूडान मुक्ति सेना (एसएलएम/ए) के साथ राजनीतिक वार्ता को पुनरारंभ करना शामिल है;

2. सूडान के दारफुर क्षेत्र में अफ़्रीकी संघ के नेतृत्व में अफ़्रीकी संघ द्वारा प्रस्तावित सुरक्षा बल सहित अंतर्राष्ट्रीय पर्यवेक्षकों की तैनाती का अनुमोदन करती है तथा अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से इन प्रयासों के समर्थन को जारी रखने का आग्रह करती है, अफ़्रीकी संघ के सदस्यों द्वारा सुरक्षा बल प्रदान करने के प्रस्तावों सहित पर्यवेक्षकों की तैनाती के संबंध में हुई प्रगति का स्वागत करती है, और सूडान सरकार एवं सभी संबंधित पक्षों द्वारा न'जमिना संघर्षविराम समझौते तथा संघर्षविराम के पर्यवेक्षण हेतु पर्यवेक्षक मिशन स्थापित करने के प्रकार पर 28 मई 2004 के अद्दिस अबाबा समझौते के अनुसार पर्यवेक्षकों के कार्य को सुकर करने की आवश्यकता पर बल देती है;

3. पर्यवेक्षण कार्यवाहियों के लिए आवश्यक कर्मियों और ज़रूरतें जैसे वित्त, आपूर्ति, परिवहन, गाड़ियाँ, कमान समर्थन, संचार और मुख्यालय समर्थन सहित अन्य सहायता को प्रदान कर अफ़्रीकी संघ के नेतृत्व वाले, सुरक्षा बल सहित, अंतर्राष्ट्रीय पर्यवेक्षक दल को सुदृढ़ करने का आग्रह करती है, और यूरोपियन संघ एवं यूनाइटेड स्टेट्स द्वारा अफ़्रीकी संघ के नेतृत्व वाली कार्यवाही के समर्थन में पहले ही किये गए योगदानों का स्वागत करती है;

4. मानव अधिकार उच्चायुक्त द्वारा सूडान में मानव अधिकार पर्यवेक्षकों को भेजने के कार्य का स्वागत करती है और सूडान सरकार से इन पर्यवेक्षकों की तैनाती में उच्चायुक्त की सहायता करने का आवाहन देती है;

5. 8 अप्रैल 2004 के न'जमिना संघर्षविराम समझौते के सभी पक्षों से बिना विलम्ब के राजनीतिक समझौते को संपन्न करने का आग्रह करती है, अद्दिस अबाबा, इथियोपिया में 15 जुलाई की वार्ता में वरिष्ठ बागी नेताओं के शामिल होने की असफलता को प्रक्रिया के लिए असहयोगकारी मानते हुए उसका खेदपूर्वक संज्ञान लेती है और अफ़्रीकी संघ, और उसके प्रमुख मध्यस्थ हामिद अल्गाबिद के प्रयोजन के तहत, दारफुर के तनावों के लिए राजनीतिक हल निकालने के लिए नए सिरे से वार्ता का आवाहन देती है, और बागी गुटों से संघर्षविराम का आदर करने, हिंसा को तत्काल ख़त्म करने, बिना शर्त शांति वार्ता में भाग लेने, और संघर्ष के समाधान के लिए सकारात्मक और रचनात्मक ढंग से कार्य करने के लिए दृढ़ता से आग्रह करती है;

6. मांग करती है कि सूडान की सरकार जंजावीद मिलिशिया को निरस्त्र करने की अपनी प्रतिबद्धता को पूरा करे और जंजावीद नेताओं और उनके सहयोगियों, जिन्होंने मानव अधिकार एवं अंतर्राष्ट्रीय मानवीय कानूनों का उल्लंघन किया है और अन्य अत्याचारों को भड़काया और अंजाम दिया है, को पकड़े और न्याय के सामने पेश करे, और आगे महासचिव से 30 दिनों के अन्दर, और उसके बाद हर महीने, इस विषय पर सूडान सरकार द्वारा की गयी प्रगति या उसके आभाव को परिषद् को सूचित करने का निवेदन करती है और गैर अनुपालन की स्थिति में, सूडान सरकार पर संयुक्त राष्ट्र के घोषणापत्र के अनुच्छेद 41 में प्रदत्त कदमों सहित आगे की कार्यवाही करने की अपनी मंशा प्रगट करती है;

7. निर्णय लेती है कि सभी राष्ट्र उत्तर दारफुर, दक्षिण दारफुर और पश्चिम दारफुर के राज्यों में जंजावीद सहित, काम करने वाले, सभी गैर सरकारी संस्थाओं और व्यक्तियों को, उनके नागरिकों या उनके प्रदेशों या उनके झंडे वाले समुंद्री जहाज़ों या हवाई जहाज़ों द्वारा, शस्त्र और उससे सम्बंधित संभी प्रकार की सामग्री, जिनमें हथियार और गोला बारूद, सेना, वाहन और उपकरण, अर्ध सैनिक उपकरण, और पूर्वोक्त के लिए अतिरिक्त कलपुर्ज़े, चाहे वे उनके प्रदेशों से उत्पन्न हुए या नहीं, शामिल हैं, की बिक्री या आपूर्ति को रोकने के लिय ज़रूरी कदम उठाएंगे;

8. निर्णय लेती है की सभी राष्ट्र उत्तर दारफुर, दक्षिण दारफुर और पश्चिम दारफुर के राज्यों में काम कर रहे अनुच्छेद 7 में पहचान किये गए गैर सरकारी संस्थाओं और व्यक्तियों को उनके नागरिकों या उनके प्रदेशो द्वारा अनुच्छेद 7 में निर्दिष्ट वस्तुओं के प्रावधान, उत्पादन, रखरखाव या उपयोग से संबंधित तकनीकी प्रशिक्षण या सहायता के किसी प्रावधान को रोकने हेतु ज़रूरी कदमों को उठाएंगे;

9. निर्णय लेती है कि अनुच्छेद 7 और 8 में अधिरोपित क़दम निम्न में लागू नहीं होंगे:

(i) आपूर्ति तथा संबंधित तकनीकी प्रशिक्षण और निगरानी, जांच पड़ताल या शांति समर्थन कार्यवाहियों की सहायता, जिनमें क्षेत्रीय संगठनों के नेतृत्व में ऐसी कार्यवाहियां शामिल हैं, जोकि संयुक्त राष्ट्र द्वारा अधिकृत हैं या संबंधित पक्षों की सहमति से [प्रस्ताव 1556 (2004)का अनुच्छेद 9 का संदर्भ] संचालित हो रही हैं;

(ii) केवल मानवीय, मानव अधिकारों की निगरानी या सुरक्षात्मक उपयोग के लिए अभिप्रेत गैर घटक सैन्य उपकरण की आपूर्ति, और संबंधी तकनीकी प्रशिक्षण और सहायता [प्रस्ताव 1556 (2004) के अनुच्छेद 9 का संदर्भ]

(iii) संयुक्त राष्ट्र कर्मचारी, मानव अधिकार निरीक्षकों, मीडिया के प्रतिनिधियों और मानवीय और विकास कार्यकर्ताओं और संबंधित कर्मचारीयों के निजी उपयोग के लिए फ्लैक जैकेट और सैन्य हेलमेटों सहित सुरक्षात्मक कपड़ों की आपूर्ति [प्रस्ताव 1556 (2004) के अनुच्छेद 9 का संदर्भ];

10. अनुच्छेद 7 एवं 8 में अधिरोपित कदमों का संशोधन या समाप्त करने के लिए विचार में लाने की अपनी मंशा अभिव्यक्त करती है जब वह निर्धारित करेगी कि

    सूडान सरकार ने अनुच्छेद 6 में निर्दिष्ट अपनी प्रतिबद्धताएँ पूरी कर दी हैं;

11. सूडान सरकार और सूडान जन मुक्ति आंदोलन द्वारा हस्ताक्षरित नैवाशा समझौते के अपने समर्थन को दोहराती है, और समझौते के प्रभावकारी कार्यान्वयन एवं सूडान के विकास के लिए दुसरे राष्ट्रों के साथ सामंजस्य के साथ काम करते एक शांतिप्रिय, संगठित सूडान की प्रतीक्षा करती है, तथा सूडान में शांति और आर्थिक विकास के समर्थन के लिए आवश्यक वित्त पोषण सहित निरंतर आदान प्रदान के लिए तैयार रहने के लिए अंतर्राष्ट्रीय समुदाय का आवाहन करती है;

12. अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से दारफुर क्षेत्र में वर्तमान में प्रकट हो रही मानवीय त्रासदी को कम करने की लिए अत्यावश्यक सहायता उपलब्ध कराने का आग्रह करती है और सदस्य राष्ट्रों को दारफुर और चाड की आवश्यकताओं के प्रति की गयी अपने प्रतिज्ञाओं को पूरा करने तथा संयुक्त राष्ट्र समेकित आग्रहों के पूरे न किये गए भाग की पूर्ती हेतु उदारतापूर्ण योगदान की ज़रुरत पर बल देने का आवाहन देती है;

13. महासचिव से मानवीय त्रासदी से बचने के लिए अन्य आवश्यक उपायों पर विचार करने और हासिल की गयी प्रगति की रिपोर्ट नियमित रूप से परिषद् को देने के लिए अंतर-संस्था मानवीय युक्तियों को सक्रीय करने का अनुरोध करती है;

14. महासचिव के सूडान के लिए विशेष प्रतिनिधि और मानव अधिकार आयोग के स्वतंत्र विशेषज्ञ को सूडान सरकार के साथ निकटता से दारफुर क्षेत्र में मानव अधिकारों एवं अंतर्राष्ट्रीय मानवीय कानूनों के उल्लंघन की स्वतंत्र जांच के समर्थन में कार्य करने के लिए प्रोत्साहित करती है;

15. प्रस्ताव 1547 में वर्णित विशेष राजनीतिक मिशन को 10 दिसंबर 2004 तक 90 अतिरिक्त दिनों के लिए बढ़ाती है तथा महासचिव से इस मिशन में दारफुर क्षेत्र के लिए आकस्मिक योजना को शामिल करने का अनुरोध करती है;

16. अफ़्रीकी संघ के नेतृत्व में दारफुर क्षेत्र में संघर्षविराम आयोग और पर्यवेक्षण मिशन को इसका पूरा समर्थन व्यक्त करती है, और महासचिव से दारफुर में उसके मिशन की योजना और आंकलन के लिए, तथा संयुक्त शासकीय पत्र के अनुसार अफ़्रीकी संघ के निकट सहयोग से दारफुर में भावी समझौते के कार्यान्वयन के समर्थन की तैयारी करने के लिए अफ़्रीकी संघ को सहायता प्रदान करने का अनुरोध करती है;

17. इस मामले को अधिकार में रखने का निर्णय लेती है

संलग्नक 2
प्रस्ताव 1591 (2005)
सुरक्षा परिषद् द्वारा उसकी 5153वीं बैठक में पारित
29 मार्च 2005

सुरक्षा परिषद्,

इसके 11 जून 2004 के 1547 (2004), 30 जुलाई 2004 के 1556 (2004), 18 सितंबर 2004 के 1556 (2004), 19 नवम्बर 2004 के 1574 (2004), 10 मार्च 2005 के 158 (2005) 17 मार्च 2005 के 1588 (2005) और 24 मार्च 2005 के 1590 प्रस्तावों, तथा सूडान संबंधी इसके अध्यक्ष के बयानों का याद करते हुए,

सूडान की संप्रभुता, एकता, क्षेत्रीय अखंडता और स्वतंत्रता के प्रति इसकी प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हुए, और अच्छे पड़ौस, गैर हस्तक्षेप और क्षेत्रीय सहयोग के सिद्धांतों के महत्व को याद करते हुए

8 अप्रैल के न'जमिना संघर्षविराम समझौते और सूडान सरकार, सूडान मुक्ति आंदोलन/सेना (एसएलएम/ए) एवं न्याय व समानता आंदोलन (जेईएम) के बीच 9 नवम्बर 2004 को हुए अबुजा मानवीय एवं सुरक्षा मसौदे में पक्षों द्वारा दी गयी प्रतिबद्धताओं को याद करते हुए, और सूडान सरकार एवं महासचिव के बीच 3 जुलाई 2004 के संयुक्त शासकीय पत्र में की गयी प्रतिबद्धताओं को याद करते हुए

9 जनवरी 2005 को नैरोबी, केन्या में सूडान सरकार (जीओएस) एवं सूडान जन मुक्ति आंदोलन/सेना (एसपीएलएम/ए) के बीच व्यापक शांति समझौते पर हुए हस्ताक्षर का स्वागत करते हुए

स्वीकार करते हुए कि व्यापक शांति समझौते के सभी पक्षों को पुरे देश में शांति और स्थिरता लाने के लिए समझौते को मज़बूत करना होगा, सूडान के सभी पक्षों, विशेषतः व्यापक शांति समझौते के जुड़े पक्षों, को दारफुर में संघर्ष के शांतिपूर्ण हल को हासिल करने के लिए सभी क़दम उठाने तथा मानव अधिकारों व अंतर्राष्ट्रीय मानवीय कानूनों के और उल्लंघनों से बचने के लिए की जाने वाली सभी कार्यवाहियों को करने और दारफुर क्षेत्र सहित सभी जगह दंड मुक्ति को समाप्त करने का आवाहन देते हुए

पूरे सूडान के साथ साथ दारफुर क्षेत्र में दीर्धकालीन संघर्ष के भयानक परिणामों, विशेषतः रिफ्यूजी एवं आंतरिक विस्थापितों की संख्या में वृद्धि, पर अपनी परम चिंता व्यक्त करते हुए

ध्यान में रखते हुए कि रिफ्यूजी और आंतरिक विस्थापितों की स्वैच्छिक एवं सतत वापसी शांति प्रक्रिया को मज़बूत करने में एक महत्वपूर्ण कारक होगा

मानवीय कार्यकर्ताओं की सुरक्षा एवं ज़रुरतमंद आबादी, जिनमें रिफ्यूजी, आंतरिक विस्थापित और अन्य युद्ध प्रभावित आबादी शामिल है, तक उनकी पहुँच पर अपनी गहरी चिंता व्यक्त करते हुए
दारफुर में सभी पक्षों द्वारा 8 अप्रैल 2004 के न'जमिना संघर्षविराम समझौते और 9 नवम्बर 2004 के अबुजा मसौदे के निरंतर उल्लंघन और इससे सुरक्षा स्थिति के बिगड़ने और मानवीय सहायता प्रयासों पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों की निंदा करते हुए

दारफुर क्षेत्र में मानव अधिकारों एवं अंतर्राष्ट्रीय मानवीय अधिकारों के सभी उल्लंघनों, विशेषतः प्रस्ताव 1574 (2004) के पारित होने के बाद से असैनिकों के प्रति निरंतर जारी हिंसा और महिलाओं और किशोरियों के प्रति यौन हिंसा की कड़ी निंदा करते हुए, सभी पक्षों से इसके आगे उल्लंघन को रोकने के लिए ज़रूरी क़दम उठाने का आग्रह करते हुए, और ऐसे सभी उल्लंघनों के लिए ज़िम्मेदार लोगों की पहचान कर और उन्हें बिना विलम्ब क़ानून के सामने पेश करना सुनिश्चित करने के दृढ़ संकल्प को व्यक्त करते हुए

स्वीकार करते हुए कि व्यापक शांति समझौते के कार्यान्वयन की सफलता के लिए अंतर्राष्ट्रीय समर्थन गंभीर रूप से महत्वपूर्ण है, ज़ोर देते हुए कि दारफुर में संघर्ष के हल की ओर की गयी प्रगति ऐसी सहायता के प्रतिपादन हेतु अनुकूल परिस्थियाँ पैदा करेगी, और चिंतित होते हुए कि दारफुर में हिंसा फिर भी बरकरार है

प्रस्ताव 1556 (2004), 1564 (2004), और 1574 (2004) प्रस्तावों की मांगों, कि दारफुर संघर्ष के सभी पक्ष असैनिकों के प्रति हिंसा से बचें और दारफुर में अफ़्रीकी संघ मिशन से पूरा सहयोग करें, को याद करते हुए

दारफुर पर 16 फ़रवरी 2005 के न'जमिना शिखर सम्मलेन और अफ़्रीकी संघ की सभी प्रकार से दारफुर में संघर्ष के हल को सुकर बनाने के प्रयासों में अहम भूमिका निभाने की निरंतर प्रतिबद्धता, तथा 16 फ़रवरी 2005 की सूडान सरकार की घोषणा कि वह दारफुर में लबादो, क़रिफा, और मरला से अपने बलों की वापसी सहित तत्काल क़दम उठायेगी, और दारफुर से उसके अन्तोनोव हवाई जहाज़ की वापसी का स्वागत करते हुए

अफ़्रीकी संघ, विशेषतः उसके अध्यक्ष, के प्रयासों की सराहना करते हुए, अफ़्रीकी संघ के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा बल, पुलिस, और सैन्य पर्यवेक्षकों की तैनाती के संबंध में की गयी प्रगति को स्वीकार करते हुए, तथा सभी सदस्य राष्ट्रों द्वारा दारफुर में अफ़्रीकी संघ मिशन को उदारतापूर्ण और तत्काल योगदान करने का आवाहन करते हुए

महिला, शांति और सुरक्षा पर 1325 (2000), सशस्त्र संघर्षों में बच्चों पर 1379 (2001) एवं 1460 (2003), साथ ही सशस्त्र संघर्षों में असैनिकों की सुरक्षा पर 1265 (1999) एवं 1296 (2000) तथा मानवीय और संयुक्त राष्ट्र कार्यकर्ताओं की सुरक्षा पर 1502 (2003) प्रस्तावों की पुष्टि करते हुए

महासचिव की 31 जनवरी 2005 (एस/2005/57 एवं अति1), 3 दिसंबर 2004 (एस/2005/947), 4 फ़रवरी 2005 (एस/2005/68) और 4 मार्च 2005 (एस/2005/140) की रिपोर्ट और साथ ही 25 जनवरी 2005 की अंतर्राष्ट्रीय जांच आयोग की रिपोर्ट (एस/2005/60) का संज्ञान लेते हुए

निर्धारित करते हुए कि सूडान की स्थिति अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के लिए निरंतर ख़तरा बनी हुई है

संयुक्त राष्ट्र घोषणापत्र के अध्याय VII के तहत कार्य करते हुए

1. कठोरता से खेद प्रकट करती है कि सूडान सरकार एवं बागी बल एवं दारफुर के अन्य सशस्त्र गुट प्रस्तावों 1556 (2004), 1564 (2004) और 1574 (2004) में संदर्भित अपनी प्रतिबद्धताओं तथा परिषद् की मांगों के पूर्ण अनुपालन में असफल रहे हैं; 8 अप्रैल 2004 के न'जमिना संघर्षविराम समझौते तथा 9 नवम्बर 2004 अबुजा मसौदे के चल रहे उल्लंघन, जिनमें सूडान सरकार द्वारा दिसंबर 2004 और जनवरी 2005 के हवाई हमले और जनवरी 2005 में दारफुर गांवों में बागी हमले शामिल हैं, और जंजावीद सैनिकों को निरस्त्र करने एवं पकड़ने और जंजावीद नेतृत्व और उनके सहयोगी, जिन्होंने मानव अधिकार और अंतर्राष्ट्रीय मानवीय कानूनों का उल्लंघन एवं अन्य अत्याचार किये हैं, को न्याय के सामने पेश करने की असफलता की निंदा करती है; और मांग करती है कि सभी पक्ष न'जमिना संघर्षविराम समझौते एवं अबुजा मसौदे, जिनमें मानवीय सहायता को सुकर करने के लिए बलों की स्थिति शामिल है, का सम्मान करने की अपनी सभी प्रतिबद्धताओं को पूरा करने के लिए आवश्यक क़दम उठाएं तथा अफ़्रीकी संघ मिशन से पूर्णतया सहयोग करें;

2. बल देती है कि दारफुर संघर्ष का कोई सैन्य हल नहीं है, और सूडान सरकार और बागी गुट, विशेषतः न्याय व समानता आंदोलन एवं सूडान मुक्ति आंदोलन/सेना, से बिना शर्त शीघ्रता से अबुजा मसौदे पर वार्ता पुनः आरम्भ करने और शीघ्र समझौते पर पहुँचने के लिए नेक नियत के साथ वार्ता करने का आवाहन करती है, तथा व्यापक शांति समझौते के पक्षों से अबुजा वार्ता के समर्थन में सक्रीय व रचनात्मक भूमिका निभाने तथा दारफुर संघर्ष के शांतिपूर्ण हल के समर्थन हेतु तात्कालिक क़दम उठाने का आग्रह करती है;

3. निर्णय लेती है कि दारफुर संघर्ष के सभी पक्षों द्वारा अपनी प्रतिबद्धताओं को पूरा करने में असफलता की रौशनी में,

   (क) उसकी प्रक्रिया के अनंतिम प्रावधानों के नियम 28 के अनुसरण में, परिषद् के सभी सदस्यों से मिलकर बनी सुरक्षा परिषद् की समिति (इसके पश्चात "समिति") का गठन करती है, जो निम्न कार्यों का उपक्रम लेगी:

      (i) इस अनुच्छेद के उप अनुच्छेद (घ) एवं (ङ) तथा प्रस्ताव 1556 (2004) के अनुच्छेद 7 एवं 8 तथा नीचे अनुच्छेद 7 में संदर्भित उपायों के कार्यान्वयन का पर्यवेक्षण करने का;

      (ii) इस अनुच्छेद के उप अनुच्छेद (घ) एवं (ङ) द्वारा अधिरोपित उपायों के आधीन ऐसे व्यक्तियों को नियुक्त करने का तथा उप अनुच्छेद (च) एवं (छ) के अनुसरण में छूट के निवेदनों पर विचार करने का;

      (iii) उप अनुच्छेद (घ) एवं (ङ) द्वारा अधिरोपित उपायों के कार्यान्वयन को सुकर बनाने के लिए आवश्यक ऐसे दिशानिर्देशों को स्थापित करने का

      (iv) सुरक्षा परिषद् को अपने कार्यों की कम से कम हर 90 दिनों में रिपोर्ट देने का;

      (v) नीचे अनुच्छेद 7 के अनुसरण दारफुर क्षेत्र में सैन्य उपकरण एवं आपूर्ति की आवाजाही हेतु सूडान सरकार के निवेदन पर विचार करने तथा, जैसा उचित हो, पूर्व अनुमति प्रदान करने का;

      (vi) इस अनुच्छेद के उप अनुच्छेद (ख) के तहत स्थापित विशेषज्ञों के पैनल और सदस्य राष्ट्रों, विशेषतः उस क्षेत्र के, द्वारा नीचे दिए अनुच्छेद 7 के उप अनुच्छेद (घ) एवं (ङ) द्वारा अधिरोपित उपायों के कार्यान्वयन हेतु उनके द्वारा लिए गए विशिष्ट क़दमों की रिपोर्ट के आंकलन का;

      (vii) समिति और इच्छुक सदस्य राष्ट्र, विशेषतः वे जो इस क्षेत्र में है, के बीच वार्ता को प्रोतिसाहित करने का, जिसमें ऐसे राष्ट्रों के प्रतिनिधियों को समिति के साथ उपायों के कार्यान्वयन पर विमर्श के लिए आमंत्रित करना शामिल है;

   (ख) समिति के परामर्श से महासचिव को, इस प्रस्ताव के पारित होने के 30 दिनों के अन्दर, छ महीने की अवधि के लिए, अद्दिस अबाबा में स्थित और चार सदस्यों द्वारा सम्मिलित विशेषज्ञ पैनल बनाने का अनुरोध करना, जो नियमित रूप से एल-फशेर, सूडान और सूडान में अन्य स्थानों की नियमित यात्रा करेगा, तथा निम्न कार्यों को उपक्रमित करने के लिए समिति के निर्देश के तहत संचालित होगा:

(i) इस प्रस्ताव के अनुच्छेद 7 तथा प्रस्ताव 1556 (2004) के अनुच्छेद 7 एवं 8 के उप अनुच्छेद (घ) एवं (ङ) के उपायों के कार्यान्वयन का पर्यवेक्षण करने में सहायता करने, तथा परिषद् द्वारा विचार किये जा सकने वाली कार्यवाहियों पर समिति को सिफ़ारिश करने;

(ii) समिति को अपने कार्यों पर मध्यावधि पत्रसार, तथा इस प्रस्ताव के पारित होने के 90 दिनों के अन्दर एक अंतरिम रिपोर्ट, तथा समिति के माध्यम से परिषद् को उसके अधिदेश के समाप्त होने से 30 दिन पहले की अवधि के अन्दर उसकी जांच और सिफ़ारिशों के साथ एक अंतिम रिपोर्ट प्रदान करना;

(iii) सूडान में अफ़्रीकी संघ मिशन (एएमआईएस) की चल रही कार्यवाहियों के उचित अनुसार उसकी गतिविधियों का समन्वयन करना;

(ग) कि वे व्यक्ति, जो पूर्वोक्त उप अनुच्छेद (क) द्वारा गठित समिति द्वारा, सदस्य राष्ट्रों, महासचिव, मानवाधिकार उच्चायुक्त या पूर्वोक्त इस अनुच्छेद के उप अनुच्छेद (ख) के तहत गठित विशेषज्ञ पैनल, और अन्य स्त्रोतों की सूचना के आधार पर, नामित हैं, तथा जो शांति प्रक्रिया में रूकावट हैं, दारफुर एवं क्षेत्र की स्थिरता के लिए ख़तरा पैदा करते हैं, अंतर्राष्ट्रीय मानवीय या मानवाधिकारों का उल्लंघन करते हैं या अन्य अत्याचार करते हैं, प्रस्ताव 1556 (2004) के अनुच्छेद 7 व 8 के अनुसार सदस्य राष्ट्रों द्वारा लागू किये जा रहे उपायों तथा इस एक राष्ट्र द्वारा इस प्रस्ताव के अनुच्छेद 7 के कार्यान्वयन का उल्लंघन करते हैं, या इस प्रस्ताव के अनुच्छेद 6 में निर्दिष्ट आक्रामक सैन्य उड़ानों के लिए ज़िम्मेदार हैं, नीचे दिए गए उप अनुच्छेद (घ) व (ङ) में निर्दिष्ट उपायों के आधीन होंगे;

(घ) कि सभी राष्ट्र पूर्वोक्त उप अनुच्छेद (ग) के अनुसरण में समिति द्वारा नामित सभी व्यक्तियों को अपने क्षेत्र में प्रवेश या पारगमन से रोकने के लिए आवश्यक उपाय लेंगे, प्रदान किया गया कि इस अनुच्छेद में ऐसा कुछ नहीं जो एक राष्ट्र को अपने क्षेत्र में अपने नागरिकों के प्रवेश को इंकार करने के लिए बाध्य बना सके:

(ङ) कि सभी राष्ट्र इस प्रस्ताव के पारित होने की तिथि से या उसके बाद किसी भी समय से उनके प्रदेशों में मौजूद सभी निधि, वित्तीय संपत्ति और आर्थिक संसाधनों को, जोकि प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से पूर्वोक्त उप अनुच्छेद (ग) के अनुसरण में समिति द्वारा नामित व्यक्तियों द्वारा स्वामित्व और नियंत्रण में हैं, या प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से ऐसे व्यक्तियों द्वारा या उनकी ओर से या उनके निर्देश पर काम कर रहे लोगों द्वारा स्वामित्व और नियंत्रण वाली संस्थाओं द्वारा अधिकार में हैं, पर रोक लगायेंगे, और आगे निर्णय लेती है कि सभी राष्ट्र यह सुनिश्चित करेंगे कि ऐसे व्यक्तियों या संस्थाओं के फायदे में या फायदे के लिए, उनके नागरिकों या उनके प्रदेशों में किन्हीं व्यक्तियों द्वारा, कोई भी निधि, वित्तीय संपत्ति या आर्थिक संसाधन उपलब्ध न कराये जाएँ;

(च) कि पूर्वोक्त उप अनुच्छेद (घ) द्वारा अधिरोपित उपाय जहाँ पूर्वोक्त उप अनुच्छेद (क) द्वारा गठित समिति प्रत्येक मामले के आधार पर निर्णय ले कि ऐसी यात्रा धार्मिक दायित्वों सहित मानवीय आवश्यकता के आधार पर न्यायसंगत है या जहाँ समिति यह निष्कर्ष निकलती है कि ऐसी छूट सूडान और क्षेत्र में शांति और स्थिरता के निर्माण हेतु समिति के प्रस्तावों के उद्देश्यों को भिन्न प्रकार से आगे बढ़ाएगी;

(छ) कि इस प्रस्ताव के उप अनुच्छेद (ङ) द्वारा अधिरोपित उपाय उन निधियों, वित्तीय संपत्ति और आर्थिक संसाधनों पर लागू नहीं होंगे जहाँ:

(i) संबंधित राष्ट्रों द्वारा निर्धारित किया गया है कि ये खाद्यपदार्थों के भुगतान, किराये या रेहन, दवाइयों और स्वास्थ्य चिकित्सा, करों, बीमा प्रीमियम और जन सुविधा शुल्कों सहित बुनियादी ख़र्चों, या उचित पेशेवर शुल्क और कानूनी सेवाओं के प्रावधानों के संबंध में किये गए ख़र्चों की भरपाई , या राष्ट्रिय कानूनों के अनुसार शुल्क या सेवा कर, रोकी गई निधि, अन्य वित्तीय संपत्ति और आर्थिक संसाधनों के दिनचर्या बनाये रखने या रखरखाव के लिए आवश्यक है, और संबंधित राष्ट्रों द्वारा समिति को, जहाँ उचित हो, ऐसी निधि, अन्य वित्तीय संपत्ति और आर्थिक संसाधनों तक पहुँच प्रदान करने की अधिकृति देने की अपनी मंशा को सूचित किया है और ऐसी सूचना के दो कार्य दिवसों के अंदर समिति द्वारा नकारात्मक निर्णय के आभाव में;

(ii) संबंधित राष्ट्रों द्वारा निर्धारित किया गया है कि जो असाधारण ख़र्चों के लिए आवश्यक है, प्रदान किया गया कि ऐसा निर्धारण संबंधित राष्ट्रों द्वारा समिति को अधिसूचित कर दिया गया है और समिति द्वारा स्वीकृत किया गया है; या

(iii) संबंधित राष्ट्रों द्वारा निर्धारित किया गया है कि न्यायिक, प्रशासनिक या मध्यस्तता धारणाधिकार या न्यायिक निर्णय के आधीन है, जिस स्थिति में निधि, या अन्य वित्तीय संपत्ति या आर्थिक संसाधन उस धारणाधिकार या न्यायिक निर्णय के पालन में उपयोग में लाये जा सकते हैं बशर्ते कि धारणाधिकार या न्यायिक निर्णय प्रस्ताव 1591 (2005) के पारित होने की तिथि (29 मार्च 2005) से पहले की अवधि का है और समिति द्वारा नामित व्यक्ति या संस्था के फ़ायदे के लिए नहीं है, और संबंधित राष्ट्रों द्वारा समिति को अधिसूचित कर दिया गया है;

4. निर्णय लेती है कि उप अनुच्छेद 3 (घ) एवं (ङ) में संदर्भित उपाय इस प्रस्ताव के पारित होने की तिथि से 30 दिनों में प्रभाव में आयेंगे, जबतक कि सुरक्षा परिषद् उससे पहले निर्णय न ले कि दारफुर संघर्ष के पक्षों ने पूर्वोक्त अनुच्छेद और नीचे दिए गए अनुच्छेद 6 में संदर्भित सभी प्रतिबद्धताओं एवं मांगों का अनुपालन कर लिया है;

5. अनुच्छेद 3 के तहत उपायों के संशोधन या समापन पर, समिति की सिफारिश पर या इस प्रस्ताव के पारित होने की 12 महीने की अवधि समाप्त होने के बाद, या पहले अगर उससे पहले सुरक्षा परिषद् निर्णय लेती है कि दारफुर संघर्ष के पक्षों ने पूर्वोक्त अनुच्छेद 1 और नीचे दिए गए अनुच्छेद 6 में संदर्भित सभी प्रतिबद्धताओं एवं मांगों का अनुपालन कर लिया है, विचार करने कि इच्छा व्यक्त करती है;

6. मांग करती है कि सूडान सरकार, 8 अप्रैल 2004 के न'जमिना संघर्षविराम समझौते तथा 9 नवम्बर 2004 के अबुजा सुरक्षा मसौदे के तहत अपनी प्रतिबद्धताओं के अनुसार, दारफुर क्षेत्र में और उसके ऊपर आक्रमक सैन्य उड़ानों का संचालन तत्काल बंद कर दे, और अफ़्रीकी संघ संघर्षविराम समिति को महासचिव, समिति, या अनुच्छेद 3 (ख) के तहत स्थापित विशेषज्ञ पैनल के साथ इस संबंध में जैसा उपयुक्त हो उचित जानकारी सांझी करने का निमंत्रण देती है;

7. प्रस्ताव 1556 (2004) के अनुच्छेद 7 एवं 8 द्वारा अधिरोपित उपायों की पुष्टि करती है, और निर्णय लेती है कि ये उपाय प्रस्ताव पारित होने के तत्काल बाद, न'जमिना संघर्षविराम समझौते के सभी पक्षों और उत्तर दारफुर, दक्षिण दारफुर और पश्चिम दारफुर के राज्यों में अन्य लड़ाकुओं पर भी लागू होंगे; निर्णय लेती है कि ये उपाय प्रस्ताव 1556 (2004) के अनुच्छेद 9 में सूचित आपूर्तियों तथा संबंधित तकनीकी प्रशिक्षण और सहायता पर लागू नहीं होंगे; निर्णय लेती है कि ये उपाय व्यापक शांति समझौते के कार्यान्वयन के समर्थन में प्रदान की जाने वाली सहायता और आपूर्ति के संबंध में लागू नहीं होंगे; आगे निर्णय लेती है कि ये उपाय सूडान सरकार के अनुरोध पर अनुच्छेद 3 (क) के तहत स्थापित समिति द्वारा दारफुर क्षेत्र में अग्रिम रूप से स्वीकृत सैन्य उपकरणों एवं आपूर्ति की आवाजाही पर लागू नहीं होंगे; और अफ़्रीकी संघ संघर्षविराम समिति को महासचिव, समिति, या अनुच्छेद 3 (ख) के तहत स्थापित विशेषज्ञ पैनल के साथ इस संबंध में जैसा उपयुक्त हो उचित जानकारी सांझी करने का निमंत्रण देती है;

8. दोहराती है कि, अगर पक्ष अनुच्छेद 1 एवं 6 में उल्लिखित अपने प्रतिबद्धताओं और मांगो को पूरा करने में असफल रहते हैं, और दारफुर की स्थिति निरंतर बिगड़ती ही जाती है, तो परिषद् संयुक्त राष्ट्र घोषणापत्र के अनुच्छेद 41 में प्रदत्त आगे के उपायों पर विचार करेगी;

9. इस मामले को अधिकार में रखने का निर्णय लेती है

संलग्नक 3
1591 (2005) समिति द्वारा
स्थापित एवं अनुरक्षित सूची

सूची संयोजन
सूची में नीचे निर्दिष्ट दो अनुभाग निहित हैं:

क. <u>व्यक्ति</u>

ख. <u>संस्थाएँ व अन्य गुट</u>

असूचियन के बारे में जानकारी समिति की वेब साईट http://www.un.org/sc/committees/dfp.shtml पर उपलब्ध है.

क.

एसडीआई.003 नाम: 1: आदम 2: याकूब 3: शरीफ़ 4: लागू नहीं (ल/न)
उपाधि: ल/न **पद:** सूडान मुक्ति सेना कमांडर **जन्म तिथि:** लगभग 1976 **जन्म स्थान:**
उच्च कोटि उर्फ़: क) आदम याकूब शांत ख) आदम याकूब **निम्न कोटि उर्फ़:** ल/न
राष्ट्रीयता: ल/न **पासपोर्ट:** ल/न **राष्ट्रिय पहचान संख्या:** ल/न
पता: ल/न **तिथि पर सूचित:** 25 अप्रैल 2006
अन्य जानकारी: कथित तौर पर 7 जून 2012 को मृत

एसडीआई.001 नाम: 1: गफ्फार 2: मोहम्मद 3: एलहसन 4: लागू नहीं (ल/न)
उपाधि: ल/न **पद:** मेजर-जनरल तथा सूडान सशस्त्र बल (एसएएफ़) के पश्चिमी सैन्य क्षेत्र का कमांडर **जन्म तिथि:** 24 जून 1952 **जन्म स्थान:**
उच्च कोटि उर्फ़: क) गफ्फार मोहमद एलहसन **निम्न कोटि उर्फ़:** ल/न

राष्ट्रीयता: ल/न **पासपोर्ट:** ल/न **राष्ट्रिय पहचान संख्या:** पूर्व सैनिक पहचान पत्र 4302
पता: एल वाहा, ओम्दुर्मन, सूडान **तिथि पर सूचित:** 25 अप्रैल 2006
अन्य जानकारी: सूडान सेना से सेवानिवृत्त

एसडीआई.004 नाम: 1: जिब्रील 2: अब्दुलकरीम 3: इब्राहीम 4: मायू
उपाधि: ल/न **पद:** राष्ट्रिय सुधार एवं विकास आन्दोलन (एनएमआरडी) फील्ड कमांडर
जन्म तिथि: 1 जनवरी 1967 **जन्म स्थान:** एल-फशेर, उत्तर दारफुर (जन्म स्थान: नील जिला, एल फशेर, उत्तर दारफुर) **उच्च कोटि उर्फ़:** क) जनरल गिब्रिल अब्दुल करीम बारे ख) "टेक" (ग) गब्रिल अब्दुल करीम बद्री **निम्न कोटि उर्फ़:** ल/न **राष्ट्रीयता:** जन्म से सूडानी
पासपोर्ट: ल/न
राष्ट्रिय पहचान संख्या: क) 192-3238459-9 ख) जन्म द्वारा अर्जित राष्ट्रीयता प्रमाण पत्र 302581
पता: तिने, सूडान (तिने का निवासी, चाड सीमा पर सूडान की तरफ)**तिथि पर सूचित:** 25 अप्रैल 2006
अन्य जानकारी:

एसडीआई.003 नाम: 1: मूसा 2: हिलाल 3: अबदल्ला 4: अलनसीम
उपाधि: ल/न **पद:** क) सूडान की राष्ट्रिय सभा का सदस्य ख) सूडान के राष्ट्रपति द्वारा 2008 में संघीय मामलों के मंत्री के रूप में नियुक्त ग) उत्तर दारफुर की जलूल जनजाति का प्रमुख मुखिया **जन्म तिथि: क)** 1 जनवरी 1964, ख) 1959 **जन्म स्थान:** कुटुम
उच्च कोटि उर्फ़: ल/न **निम्न कोटि उर्फ़:** क) (शेख) मूसा हिलाल ख) अब्द अल्लाह ग) अब्दल्लाह घ) अल्नासिम ङ) अल नसिम च) अल्नासीम छ) अल नसीम ज) अल्नास्सीम झ) अल नस्सीम
राष्ट्रीयता: ल/न **पासपोर्ट:**कूटनीतिज्ञ पासपोर्ट डी014433, 21 फ़रवरी 2013 को जारी (21 फरवरी 2015 को समाप्त)
राष्ट्रिय पहचान संख्या: राष्ट्रीयता प्रमाण पत्र ए0680623
पता: क) कब्कबिया, सूडान ख) कुटुम, सूडान (कब्कबिया तथा कुटुम, उत्तर दारफुर के शहर का निवासी और खारर्तूम में निवास किया है
तिथि पर सूचित: 25 अप्रैल 2006
अन्य जानकारी:

ख.संस्थाएँ व अन्य गुट

[फा. सं. यू.II/152/5/2016]
रुद्रेंद्र टंडन, संयुक्त सचिव (यूएनपी)

MINISTRY OF EXTERNAL AFFAIRS

ORDER

New Delhi, the 5th September 2016

S.O. 2875(E).— Whereas the Security Council of the United Nations in its 5015th Meeting adopted Resolution 1556 (2004) [appended to this Order as Annexure 1], under Chapter VII of the Charter of the United Nations which required all States to take necessary measures to prevent the sale or supply, to all non-governmental entities and individuals, including the Janjaweed, operating in the states of North Darfur, South Darfur and West Darfur, by their nationals or from their territories or using their flag vessels or aircraft, of arms and related material of all types, including weapons and ammunition, military vehicles and equipment, paramilitary equipment, and spare parts for the aforementioned, whether or not originating in their territories and paragraph 8 of the resolution which required all States to take necessary measures to prevent any provision to the non-governmental entities and individuals identified in above paragraph operating in the states of North Darfur, South Darfur and West Darfur by their nationals or from their territories of technical training or assistance related to the provision, manufacture, maintenance or use of the items listed in above paragraph;

And whereas the Security Council of the United Nations in its 5153rd Meeting adopted Resolution 1591 (2005) which required all States to take the necessary measures to prevent the entry into or transit through their territories of individuals designated by the Committee established by the resolution and paragraph 3 (e) of the resolution which required all States to freeze all funds, financial assets and economic resources that are on their territories on the date of adoption of the resolution or at any time thereafter, that are owned or controlled, directly or indirectly, by the persons designated by the Committee, or that are held by entities owned or controlled, directly or indirectly, by such persons or by persons acting on their behalf or at their direction and to ensure that no funds, financial assets or economic resources are made available by their nationals or by any persons within their territories to or for the benefit of such persons or entities;

And whereas, Resolution 2265(2016) of the Security Council of the United Nations require States to fully implement the provisions contained in Resolutions 1556(2004), 1591(2005), 1651(2005), 1665(2006),1672(2006), 1679(2006),

1713(2006), 1779(2007), 1841(2008), 1891(2009), 1945(2010), 1982(2011), 2035(2012), 2091(2013), 2138(2014) and 2200(2015);

And whereas, the Central Government considers it necessary and expedient to issue an Order under the United Nations (Security Council) Act, 1947 (43 of 1947) to implement the said Resolutions of the Security Council adopted under Chapter VII of the Charter of the United Nations to protect the unity, sovereignty, independence and territorial integrity of Sudan;

Now, therefore, in exercise of the powers conferred by section 2 of the United Nations (Security Council) Act, 1947 (43 of 1947), the Central Government hereby makes the following Order to give effect to the said Resolutions, namely:-

1. **Short title and commencement . -** (1) This Order may be called the Implementation of the United Nations Security Council Resolutions on Sudan Order, 2016.

(2) It shall come into force on the date of its publication in the Official Gazette.

